FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत—–जिला कलक्टर   मुकाम : दौसा

रामबाबू वगै0 **बनाम संजय वगै0**

मुकदमा– स्थानान्तरण प्रा0पत्र   नम्बर———59———सन्– 2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
31 .7.2023	अधिवक्ता प्रार्थी श्री सतीश कुमार पारीक. उपस्थित। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करें। अप्रार्थीगण की तलबी की जावे। अप्रार्थी संख्या 1 से बिन्दुवार तथ्यात्मक टिप्पणी तलब की जाकर पत्रावली दिनांक 15.9.2023 को पेश हो। जिला कलक्टर दौसा	1549 02.08.23 1565-74 02.08.23
25.8.2023	प्रार्थना पत्र शीघ्र सुनवाई स्वीकार होने पर पत्रावली नियत तारीख पेशी दिनांक 15.9.2023 से तलब की जाकर आज पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थीगण उपस्थित। राजकीय अधिवक्ता उपस्थित। अप्रार्थी सं0 7 उपस्थित। राजकीय अधिवक्ता ने बहस में कथन किया कि पीठासीन अधिकारी उपखंड अधिकारी महवा श्री संजय गोयल, का उपखंड अधिकारी महवा से अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से वर्तमान में महवा में कार्यरत नहीं है। पीठासीन अधिकारी महवा के पद पर अन्य अधिकारी कार्यरत है। जिस पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध यह स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है, उनका अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से यह स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र विचाराधीन रखे जाने का कोई औचत्य नहीं रह गया है। अतः स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र खारिज फरमाया जावे। अधिवक्ता प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी सं0 7 ने उक्त स्थानान्तरण प्रा0पत्र को खारिज किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होना जाहिर किया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। जिस पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध यह स्थानान्तरण प्रा0पत्र प्रस्तुत किया गया है उनका अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। अतः स्थानान्तरण प्रा.पत्र विचाराधीन रखे जाने का अब कोई औचित्य नही रहा गया है। अतः स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। आदेशिका की प्रति उपखंड अधिकारी महवा को पालनार्थ प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। खुले न्यायालय सुनाया गया। जिला कलक्टर दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official